# पांच कर्मचारियों को कारण नोटिस

रतलाम. नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पांच कर्मचारियों
को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा शहर में गंदगी
व अतिक्रमण करने वाले 23 व्यक्तियों पर अर्थदंड की कार्रवाई की
है। आयुक्त झारिया ने बताया कि सुबह महू रोड स्थित बस स्टैंड का
निरीक्षण किया गया। यहां पर सफाई कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए
जबकि जेटिंग वाहन संचालक नदारत पाए गए। इनका एक दिन का
वेतन काटकर सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया गया है।
23 अन्य व्यक्तियों पर गंदगी पर 6 हजार रुपए का जुर्माना किया।

प.प्र./24-12-2020

प/प्र/के

24-12-2020

# निगम आयुक्त ने ली टी.एल. बैठक

इन्दौर समाचार 24-12-20



**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने सी.एम. हेल्प लाईन शिकायत निराकरण ग्रेडिंग में नगर निगम रतलाम नम्बर 1 आने पर सभी को बधाई प्रेषित कर कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में इसी तत्परता, लगन से कार्य कर रतलाम नगर को स्वच्छता में नम्बर 1 बनाये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का 3 दिवस में निराकरण किये जाने के निर्देश के साथ ही टी.एल. शिकायतों की समीक्षा कर शिकायतों का निराकरण 7 दिवस में ऑन लाईन कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। निगम आयुक्त श्री झारिया ने सी.एम. हेल्प लाईन की शिकायतों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही किये जाने के निर्देश बैठक में दिये शिकायत उच्च स्तर पर दर्ज ना हो सकें। इसके अलावा विभिन्न आयोग, पी.एम., सी.एम. कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधित को निर्देशित किया। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा करते है व डस्टबीन नहीं रखते है उन पर जुर्माना किये जाने साथ ही खुले में शौच व पेशाब करने, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालो पर जुर्माना किया जाये।

इन्दौर समाचार
24-12-2020



# निगम आयुक्त ने बैठक में शिकायतों की समीक्षा की

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

24-12-2020

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने सी.एम. हेल्प लाईन शिकायत निराकरण ग्रेडिंग में नगर निगम रतलाम नम्बर 1 आने पर सभी को बधाई प्रेषित कर कहा कि स्व%छ सर्वेक्षण 2021 में इसी तत्परता, लगन से कार्य कर रतलाम नगर को स्व%छता में नम्बर 1 बनाये। निगम आयुक्त ने बैठक में 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का 3 दिवस में निराकरण किये जाने के निर्देश के साथ ही टी.एल. शिकायतों की समीक्षा कर शिकायतों का निराकरण 7 दिवस में ऑन लाईन कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। निगम आयुक्त ने सी.एम. हेल्प लाईन की शिकायतों का निराकरण एल-1 स्तर पर ही किये जाने के निर्देश बैठक में दिये शिकायत उ%च स्तर पर दर्ज ना हो सकें। इसके अलावा विभिन्न आयोग, पी.एम., सी.एम. कार्यालय से प्राप्त शिकायतों का समय पर निराकरण करवाये जाने हेतु निगम आयुक्त ने संबंधित को निर्देशित किया।

## दिए निर्देश...

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा करते है व डस्टबीन नहीं रखते है उन पर जुर्माना किये जाने साथ ही खुले में शौच व पेशाब करने, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालो पर जुर्माना किया जाये।

राज एक्सप्रेस
24-12-2020

## नगर निगम के दो दिन के शिविर में पहले दिन नागरिकों ने नहीं दिखाया उत्साह

रतलाम. नगर निगम द्वारा संपत्तिकर व जलकर वसूली के लिए लगाए गए तीन वार्डों के दो दिन के शिविर में पहले दिन आमजन में उत्साह कम नजर आया। निगम अधिकारियों को जितने कर की उम्मीद थी, उसके मुकाबले कम कर वसूली हुई है। निगम के अधिकारियों के अनुसार बुधवार के शिविर में 2.06 लाख जलकर व 13.09 लाख संपत्तिकर की वसूली हुई है। अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को भी शिविर जारी रहेगा।

पत्रिका
24-12-2020

पत्रिका
24-12-2020

## आज शास्त्रीनगर में लगेगा बकाया वसूली शिविर

नईदुनिया 24-12-2020

रतलाम। नगर निगम से संबंधित करों की बकाया राशि जमा कराने के लिए वार्ड वार बकाया वसूली शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में नागरिक नगर निगम की बकाया संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क, विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त,

18

प्रशिक्षण

# नगरीय निकाय व पंचायत निर्वाचन के लिए दिया प्रशिक्षण

24-12-2021

रतलाम @ पत्रिका. नगरीय निकाय और पंचायत निर्वाचन 2020-21 के तहत सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों की ऑनलाइन डाटा एंट्री के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस दौरान सभी विभागों की स्थापना प्रभारी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सीईओ जिला पंचाय संदीप केरकेट्टा तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी नरेंद्रसिंह चौहान द्वारा दिया गया।

प्रशिक्षण के माध्यम से समस्त अधिकारी, कर्मचारियों की पूर्व विधानसभा लोकसभा चुनाव के दौरान फॉर्म 2 की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर फीड संशोधित की जानी है। ऑनलाइन पोर्टल की लिंक एवं यूजर आईडी पासवर्ड कार्यालयों से प्रपत्र फॉर्म 1 प्राप्त होने के बाद एलआईसी कार्यालय रतलाम द्वारा कार्यालय प्रमुख के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से भेजे जाएंगे।

पत्रिका

24-12-2021

# पीओएस मशीन का प्रशिक्षण दिया

24-12-21 पत्रिका

रतलाम. नगर निगम में पीओएस मशीन से कर वसूली के लिए बुधवार को विभिन्न विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। शाम को आयोजित

# गंदगी व मलबा फैलाने पर 10 व्यक्तियों पर जुर्माना

## गंदगी फैलाने वालों पर सीसीटीवी से रखी जा रही है निगरानी

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 24-12-2020

नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर मनीष जायसवाल सैलाना रोड पर 1000, कालू-भूरिया, सद्गुरुकृपा मार्बल, बालाजी ऑटो पार्ट्स सैलाना रोड पर 500-500 अकरम भाई, बुरहानी हार्ड वेयर गीता मंदिर रोड, अवतार, कालू सिंह, सौदान पर 250-250 रूपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

राजएक्सप्रेस

24-12-2020

नई दुनिया 25-12-2020

# गंदगी और मलबा फैलाने वाले 23 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों और दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है। इसके लिए पुलिस कंट्रोल रूम पर तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी व मलबा फैलाने पर मां बिजासन दूध भंडार महू रोड, राठौड़ उपहार गृह कॉलेज रोड पर 2000-2000, आनंदश्री रेस्टोरेंट महू रोड बस स्टैंड पर 1000, जयराज महू रोड बस स्टैंड पर 500, दीपक जैन, बालाजी मोमोज, राज कुमार, किरण कुमार, सुभाष, धीरज, शुभम राठौड़ पर 250-250, भाईजी महू रोड बस स्टैंड, उपेंद्र स्टेडियम मार्केट पर 200-200, हेमंत, पूजा पाव भाजी, सत्यम चायनीज, महेंद्रसिंह, विजय स्टेडियम मार्केट, एजेंद्र महू रोड बस स्टैंड पर 100-100, सुनीताबाई, मंगलसिंह, रेखाबाई, दिनेश पैलेस रोड पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।

जुर्माने की कार्रवाई प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े आदि द्वारा की गई।

नई दुनिया

25-12-2020

नई दुनिया 25-12-2020

# पांच कर्मचारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान महू रोड बस स्टैंड पर सफाई संरक्षकों के कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं रहने, सफाई नहीं पाए जाने व जेटिंग वाहन के ड्राइवरों द्वारा वाहन समय पर नहीं निकाले जाने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर निलंबन व सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ नोटिस जारी किया। निगमायुक्त ने सुबह महू रोड बस स्टैंड के निरीक्षण के दौरान सफाई संरक्षक विकास-ब्रजेश बस स्टैंड पर उपस्थित नहीं पाए जाने पर निलंबित करने के निर्देश दिए। सफाई संरक्षक शिवशंकर-अर्जुन व लोकेश को बस स्टैंड पर सफाई नहीं पाए जाने व जेटिंग वाहन के ड्राइवर संजय-अर्जुन, आनंद द्वारा निर्धारित समय सुबह 7 बजे वाहन नहीं निकालते हुए 8 बजे बाद वाहन निकाले जाने पर एक दिन की वेतन कटौती के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

नई दुनिया

25-12-2020

नई दुनिया 25-12-2020

अब पीओएस से जमा होंगे निगम के कर, गंदगी करने वालों पर होंगे फाइन

# निगम कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लाइसेंस शुल्क व विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त तथा भू-भाटक की राशि अब नगर निगम के कर्मचारी पीओएस मशीन के माध्यम से ई-नगर पालिका पोर्टल पर जमा करेंगे। साथ ही गंदगी, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर भी मशीन के माध्यम से स्पॉट फाइन किया जाएगा।

इंडसेंड बैंक द्वारा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई 25 एंड्रायड पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में सेल्स मैनेजर दिव्यांश खंडेलवाल ने निगम के जलकर, संपत्तिकर, विकास शाखा, लाइसेंस, स्पॉट फाइन दल सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को दिया। इसमें बताया गया कि मशीन में ई-नगर पालिका पोर्टल सॉफ्टवेयर लोड किया हुआ है। मशीन पूरी तरह से एंड्रायड है। इस पर कर जमा कर संबंधित को उसी टाइम रसीद देने के साथ ही एसएमएस भी किया जा सकता है।

इस दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, भविष्य कुमार खोब्रागड़े, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, नीता जैन, लेखाधिकारी विजय बालोदा, जलप्रदाय विभाग प्रभारी सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा, सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, विकाससिंह मरकाम, सिद्धार्थ सोनी, ब्रजेश कुशवाह, कार्यालय अधीक्षक रामचंद्र शर्मा, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, उद्यान पर्यवेक्षक धर्मेंद्र दोगाया सहित निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

नई दुनिया

25-12-2020

# पीओएस मशीन से जमा होंगे निगम के कर

## निगम कर्मचारियों को मशीन चलाने का मिला प्रशिक्षण

रतलाम। संपत्तिकर, जलकर, दुकान-गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किस्त तथा भू-भाटक की राशि अब नगर निगम के कर्मचारी पीओएस मशीन के माध्यम से ई-नगर पालिका पोर्टल पर जमा करेंगे साथ ही गंदगी, अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर भी मशीन के माध्यम से स्पॉट फाईन किया जायेगा।

एचडीएफसी बैंक द्वारा नगर निगम को उपलब्ध कराई गई 10 एन्ड्रॉयड पीओएस मशीन चलाने का प्रशिक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया की उपस्थिति में इंदौर के पीओएस मशीन एक्सपर्ट महेन्द्र राजपूत ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मशीन में ई-नगर पालिका पोर्टल साफ्टवेयर लोड किया हुआ है, मशीन पूरी तरह से एन्ड्रॉयड है। इस पर नगर निगम के विभिन्न करों की राशि जमा कर संबंधित को उसी टाईम रसीद उपलब्ध कराये जाने के साथ ही मोबाइल एसएमएस भी किया जा सकता है। करों की राशि नगद, डेबिट, क्रेडिट कार्ड से भी जमा की जा सकती है।

## नाले की सफाई करवाई

बुधवार को मदीना मसजिद, इंदिरा नगर, चमारिका नाका, करमदी रोड बस स्टैंड वाले नाले की सफाई की गई। इसमें नाला गैंग के साथ जेसीबी मशीन, डंपर भी लगे।

24-12-2020

## नालों की सफाई जारी

रतलाम. नगर निगम द्वारा शहर में विशेष 80 सदस्यों की गैंग लगाकर नालों की सफाई का कार्य जारी है। बुधवार को मदिना मस्जीद, करमदी रोड, इंदिरा नगर क्षेत्र में नालों की सफाई का कार्य किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के सहायक अधिकारी एपीसिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

24-12-2020

## 5 मवेशी पकड़े

बुधवार को स्वास्थ्य अमले ने चांदनीचौक, दिलीप नगर, प्रतापनगर से 5 मवेशी को पकड़ा। सभी को गोशाला भिजवाया गया है।

24-12-2020

## निगम के अमले ने पांच मवेशी पकड़े

24-12-2020

रतलाम. शहर में नगर निगम ने मवेशी पकड़ने का अभियान चला रखा है। 12 अक्टूबर से शुरू हुए इस अभियान में अब तक 461 मवेशी पकड़े गए हैं। बुधवार को चले अभियान में मात्र पांच मवेशी पकड़े गए। बाजार क्षेत्र में घूम रहे मवेशी अब तक नहीं पकड़े गए हैं। इसके अलावा नगर निगम के बाहर ही घुमने वाले मवेशी पकडने के लिए अभियान अब तक नहीं चल पाया है।

24-12-2020

## कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 6 कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त, कारण बताओ सूचना-पत्र जारी

इन्दौर समाचार 24-12-2020

रतलाम। नगर निगम के उद्यान, स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के ऐसे कर्मचारी जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित है ऐसे कर्मचारियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया।

प्रकाश विभाग के स्थायीकर्मी अखिलेश निमावत जिनकी ड्यूटी बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किये जाने हेतु लगाई गई थी किन्तु संबंधित द्वारा विगत 15 दिनों से सौंपे गये दायित्वों का पालन नहीं किये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। इसी तरह उद्यान विभाग के माली अंसार-अकबर अली जो कि विगत 5 दिनों से बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा निगम आयुक्त झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिविक सेंटर शौचालय पर अशोक-छोटेलाल स्थाई कर्मी, बिरियाखेड़ी शौचालय पर शिव-भानुलाल, मनोज-प्रभुलाल गैंगकर्मी व धीरज-रमेश 30 दिवस सफाई संरक्षक द्वारा उपस्थित नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

इन्दौर समाचार
24-12-2020

## कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 6 कर्मचारी होंगे सेवा से बर्खास्त

राज एक्सप्रेस 24-12-2020

रतलाम। नगर निगम के उद्यान, स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के ऐसे कर्मचारी जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित है ऐसे कर्मचारियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया।

प्रकाश विभाग के स्थायीकर्मी अखिलेश निमावत जिनकी ड्यूटी बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किये जाने हेतु लगाई गई थी किन्तु संबंधित द्वारा विगत 15 दिनों से सौंपे गये दायित्वों का पालन नहीं किये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। इसी तरह उद्यान विभाग के माली अंसार-अकबर अली जो कि विगत 5 दिनों से बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

इसके अलावा निगम आयुक्त द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिविक सेंटर शौचालय पर अशोक-छोटेलाल स्थाई कर्मी, बिरियाखेड़ी शौचालय पर शिव-भानुलाल, मनोज-प्रभुलाल गैंगकर्मी व धीरज-रमेश 30 दिवस सफाई संरक्षक द्वारा उपस्थित नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया।

राजएक्सप्रेस
24-12-2020

दबंग दुनिया 24-12-20

## कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित 6 कर्मचारी होंगे बर्खास्त

रतलाम। नगर निगम के उद्यान, स्वास्थ्य व प्रकाश विभाग के ऐसे कर्मचारी जो कि बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहे, ऐसे कर्मचारियों को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने का सूचना-पत्र जारी किया गया। प्रकाश विभाग के स्थायीकर्मी अखिलेश निमावत जिनकी ड्यूटी बगैर मास्क वाले व्यक्तियों पर जुर्माना किये जाने हेतु लगाई गई थी किन्तु संबंधित द्वारा विगत 15 दिनों से सौंपे गये दायित्वों का पालन नहीं किये जाने पर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। इसी तरह उद्यान विभाग के माली अंसार-अकबर अली जो कि विगत 5 दिनों से बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने से अनुपस्थित दिवसों का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया। इसके अलावा निगम आयुक्त झारिया द्वारा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान सिविक सेंटर शौचालय पर अशोक-छोटेलाल स्थाई कर्मी, बिरियाखेड़ी शौचालय पर शिव-भानुलाल, मनोज-प्रभुलाल गैंगकर्मी व धीरज-रमेश 30 दिवस सफाई संरक्षक द्वारा उपस्थित नहीं पाये जाने पर सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी किया गया।

दबंग दुनिया
24-12-2020

# 5 कर्मचारी नहीं मिले, सेवा से बर्खास्तगी का नोटिस



महू रोड बस स्टैंड के सुलभ शौचालय की धुलाई करवाते कमिश्नर झारिया।

## सफाई व्यवस्था का आयुक्त ने किया निरीक्षण

भास्कर संवाददाता | रतलाम

24-12-2020

बुधवार को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान महू रोड बस स्टैंड पर पांच सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिला, तो जेटिंग मशीन को लेकर ड्राइवर देरी से रवाना हुआ। इस पर आयुक्त ने सभी का एक दिन का वेतन काटकर सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया है।

इसके अलावा अलग-अलग इलाकों में निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने गंदगी फैलाने, अतिक्रमण करने वाले 23 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाया। इनमें मां बिजासन दूध भंडार महू रोड, राठौड़ उपहार गृह कॉलेज रोड पर 2000 रुपए, आनंदश्री रेस्टोरेंट महू रोड बस स्टैंड पर 1000 रुपए, जयराज महू रोड बस स्टैंड पर 500 रुपए, दीपक जैन, बालाजी मोमोज, राज कुमार, किरण कुमार, सुभाष, धीरज, शुभम् राठौड़ पर 250 रुपए, भाईजी महू रोड बस स्टैंड, उपेंद्र स्टेडियम मार्केट पर 200 रुपए, हेमंत, पुजा पाव भाजी, सत्यम चायनीज, महेंद्र सिंह, विजय स्टेडियम मार्केट, एजेंद्र महू रोड बस स्टैंड पर 100 रुपए, सुनीता बाई, मंगलसिंह, रेखाबाई, दिनेश पैलेस रोड पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाडे ने की।

दै. भास्कर

24-12-2020

सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए जरूरी है मंजूरी

# स्वच्छता सर्वेक्षण 2021: अब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मंजूरी नहीं

## 29 दिसंबर से 9 जनवरी तक का कार्यक्रम जारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com 24-12-2020

रतलाम. स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के लिए नगर निगम भले काफी मेहनत कर रहा हो, लेकिन सतह पर इसकी तैयारी आधी अधूरी है। एसटीपी याने की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए अब तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मंजूरी नहीं मिली है। राज्य के आदेश के बाद स्वच्छता संवाद अभियान की शुरुआत नगर निगम ने कर दी है। इन सब के बीच 29 दिसंबर से जांच के लिए दल के आने की शुरुआत होगी।

अब तक नगर निगम स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्य में कई मामलों में पीछे चल रहा है। खेतलपुर जाने वाली मुख्य लाइन का काम जहां अधूरा है वहीं गोमदड़े की पुलिया के यहां पपींग स्टेशन का काम भी अधूरा ही है। इससे असर यह होगा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू भी किया गया तो यहां तक गंदा पानी आ ही नहीं पाएगा। इतना ही नहीं पटरी पार क्षेत्र से होकर खेतलपुर तक जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक पाइप लाइन जा रही है उसमें अब तक करीब 4 हजार आवास ही जुड़ पाए हैं, जबकि 18 हजार आवास को जोड़ने का लक्ष्य लिया गया है।

### 29 दिसंबर से दल की शुरुआत

29 दिसंबर को गारबेज फ्री सिटी स्टार रेकिंग के लिए दल आएगा। दल शहर में अलग-अलग कचरे के संग्रहण की व्यवस्था का निरीक्षण करेगा। इसके अलावा कचरा की क्षमता व इसके संग्रहण के तरीके को देखा जाएगा। कचरा संग्रहण कार्य में लगे वाहन को तो देखेंगे ही इसके अलावा वाहन की प्रामाणिकता की भी जांच की जाएगी। इतना ही नहीं, प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है या नहीं, उपभोक्ता प्रभार लागू है या नहीं, यह भी देखेंगे।

### 3 ये 9 जनवरी को होगा यह कार्य

इस अभियान अंतर्गत 3 जनवरी को दल फिर से आएगा। कचरे को चार भाग में बांटना, गीले कचरे का निष्पादन अलग से, सूखे कचरे का प्रसस्करण आदि देखा जाएगा। इसके लिए दल शहर के मुख्य बाजार, कॉलानियों में जाएगा। 9 जनवरी को दल शहर में सबसे अधिक कचरा देने वाली कॉलोनी में जाएगा। कचरा एकत्रित करने वालों को दी गई सुविधाएं देखी जाएगी।

### 15 जनवरी को होगी यह जांच

15 जनवरी को दल शहर की विभिन्न सड़क, कॉलोनी में जाकर स्वच्छता अभियान को देखेगा। प्रमुख बाजार के शौचालय की साफ सफाई, रात में हो रही सफाई, दुकानों पर रखे गए डस्टबिन का उपयोग, कारोबारियों से चर्चा आदि की जाएगी।

### सहयोग जरूरी

जब कोई भी टीम कोई मैच में जीत लेती है तो प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान से यह होता है। नगर निगम की पूरी टीम शहर का प्रत्येक व्यक्ति है। सभी का सहयोग स्वच्छता अभियान के लिए जरूरी है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

24-12-2020